आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



**SATYA SPORTS**
We are deals in professional carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल मो. : 9358430959 Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 12 मेरठ, गुरुवार 26 मार्च, 2026 Website:- harikamaldarpan.com कुल पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

## विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ को मिली शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता

### मध्यप्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 400 छात्र-छात्राओं को मिला प्रवेश




**शाजापुर।** वर्ष 2025-26 में विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में लगभग 400 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्राप्त हुआ है, जहाँ उन्हें पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा, आवास एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसी प्रकार पिछले वर्ष विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट, एनडीए, एसएससी, आरआरबी, क्लैट, जेईई, सीए, पुलिस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रदेश के विभिन्न जिलों के 585 विद्यार्थियों के खातों में कोचिंग शुल्क सीधे जमा किया गया था। इस वर्ष भी संगठन द्वारा लगभग 1000 विद्यार्थियों के फॉर्म भरवाए गए हैं, जिनमें से अनेक विद्यार्थियों की प्रथम किस्त भी उनके खातों में जमा हो चुकी है। साथ ही, सरकार की आरटीई योजना के माध्यम से कक्षा 1 से 10 तक निःशुल्क शिक्षा का लाभ उन परिवारों के बच्चों को मिल रहा है जिनके पास बीपीएल राशनकार्ड है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन परिवारों के पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है, लेकिन उनके पास घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध है, उन्हें भी इस योजना सहित अनेक शैक्षणिक योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। पिछले वर्ष भी अनेक विद्यार्थियों को केवल घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ दिलाया गया। विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यालय प्रभारी पटेल मधुसूदन धनगर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता संगठन की सामूहिक जागरूकता एवं समाज के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने सभी से अपील की है कि संगठन से जुड़ें, घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएँ, सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक लोगों तक यह जानकारी पहुंचाएं ताकि विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति वर्ग का प्रत्येक परिवार केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है, आइए मिलकर अपने समाज के भविष्य को मजबूत बनाएं। **-ब्यूरो**

## धनगर मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी प्रदेश स्तर पर जन आंदोलन करेगी




**अलीगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा धनगर समाज को उसके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में 20 मार्च को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक साहब सिंह धनगर भैयाजी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद रामबक्स वर्मा ने कहा कि धनगर समाज के काफी लोगों की विजिलेंस जांच हो चुकी है जिसमें उनकी धनगर अनुसूचित जाति सत्यापित हो चुकी है। इसके बावजूद जिला प्रशासन धनगर समाज के लोगों को बेवजह परेशान कर रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी प्रदेश स्तर पर जन आंदोलन करेगी। जरूरत पड़ने पर विधानसभा का भी घेराव किया जायेगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पार्टी एवं मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार धनगर, पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरज पाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अतर सिंह पाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य भोजराज सिंह धनगर, किसान नेता रवि पाल धनगर, राजेंद्र सिंह धनगर, रामस्वरूप धनगर, यश धनगर, डॉक्टर सुधीर कुमार धनगर, जितेंद्र धनगर, राहुल धनगर आदि मौजूद थे। **-प्रदीप पाल**


## विजय सिंह पाल ने मुजफ्फरनगर में संगठन की मजबूती पर बल दिया



**मुजफ्फरनगर।** अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह पाल दिल्ली से हरिद्वार जाते समय मुजफ्फरनगर में जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाल के आवास पर रुके, जहाँ उन्होंने समाज के कार्यकर्ताओं और सम्मानित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पाल समाज की एकता, संगठन की मजबूती और विशेष रूप से शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है, तभी आने वाली पीढ़ी सशक्त और सक्षम बन सकेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल, बबलू पाल, राजसिंह पाल, देशपाल, विनय पाल सहित समाज के अनेक सम्मानित लोग मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और समाज के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। **-शरद पाल**

## राष्ट्रीय स्तर की योग कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए योगाचार्य महेश पाल



**कुरुक्षेत्र।** गीता ज्ञान संस्थानम में राष्ट्रीय स्तर की योग कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन भारत सरकार के खेल युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्य करने वाली संस्था योगासन भारत के तत्वावधान में हरियाणा योग आयोग द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देश-विदेश से योग क्षेत्र के विशेषज्ञ, योगाचार्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जयदीप आर्य (महासचिव, वर्ल्ड योगासन) रहे। उनके साथ कोंगा (यूएसए से योगासन सदस्य), योगासन भारत से रचित कौशिक, सीके मिश्रा (भारतीय खेल प्राधिकरण, पटियाला से योग विभाग प्रमुख), हरियाणा योग आयोग चेयरमैन, रोहित कौशिक (उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स योगासन सचिव), युद्धवीर (हरियाणा स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव) असम योगासन के सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस नेशनल योग कॉफ्रेंस में गुना से योगाचार्य महेश पाल मुख्य रूप से शामिल हुए।इस अवसर पर योगासन को ओलंपिक कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में शामिल कराने के विषय पर गहन विचार-विमर्श किया गया इसके अतिरिक्त, जून माह में अहमदाबाद में आयोजित होने वाली वर्ल्ड योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों और उससे संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि अधिक से अधिक भारतीय योगासन कोचों को विदेशों में योग सेवा का अवसर प्रदान किया जाए, जिसके लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भविष्य की योजनाओं के तहत देश के प्रत्येक जिले में योग कोच नियुक्त करने पर भी जोर दिया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उच्च स्तरीय योगासन जज एवं कोच तैयार करना तथा योगासन के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना रहा। यह सम्मेलन योगासन को वैश्विक पहचान दिलाने और भारत को इस क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बहुत ही जल्दी भारत के योगासन के खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा और वे भारत के लिए योगासन के क्षेत्र में अधिक से अधिक मेडल जीतने का अवसर प्राप्त कर पाएंगे। **-ब्यूरो**

## डॉ. आकांक्षा साहू लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से की गईं सम्मानित



बिलासपुर। डॉक्टर आकांक्षा साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन एमबीबीएस सुपुत्री क्रांति साहू को चिकित्सा सेवा एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में निरंतर सेवा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सम्मान से नवाजा गया। इसमें शॉल श्रीफल, चांदी के सिक्के एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) छत्तीसगढ़ ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद मनोज तिवारी, गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति मंत्री, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी कैबिनेट मंत्री एवं अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कमला घमंडी राम गमनी ट्रस्ट के द्वारा प्रधानमंत्री संग्रहालय तीन मूर्ति भवन परिसर नई दिल्ली में किया गया। **-ब्यूरो**


कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

**कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो**
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

**कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा**
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

**कृपाल सटरिंग सप्लायर**
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## कृपया सहयोग दें!



*हरिकमल दर्पण का न्यूज पोर्टल पिछले काफी समय से निरंतर चल रहा है जिसमें हाल ही में काफी बदलाव भी किए गए हैं। कुछ तकनीकी कारणों से या यूँ कहिए कि आर्थिक व शारीरिक मजबूरियों के कारण हम अपने न्यूज पोर्टल को अभी तक वह रूप नहीं दे सके हैं जिसकी हमने कल्पना की थी। फिर भी जितने संसाधन हमारे पास हैं, उन सभी का इस्तेमाल करते हुए अपनी पूरी ताकत से हम अपने न्यूज पोर्टल को निरंतर बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें हमें समाज के सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा है। आप अपने सुझाव, शिकायतें अथवा अन्य किसी भी प्रकार का सहयोग देकर इस कार्य में हमारी मदद कर सकते हैं। जो लोग सोशल मीडिया के जानकार हैं वे अवश्य आगे आएं और न्यूज पोर्टल को लोकप्रिय बनाने के लिए यथासंभव अपना सहयोग दें। हमारा प्रयास है कि दुनियाभर में गडरिया समाज के जितने भी लोग हैं उन्हें इस पोर्टल के माध्यम से जोड़ा जाए, साथ ही हमारे समाज के सभी छोटे-बड़े समाचारों, लेखों, कविताओं को प्रकाशित किया जा सके। यह कार्य थोड़ा मुश्किल जरूर प्रतीत होता है लेकिन असंभव बिलकुल नहीं है। केवल अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। गूगल पर 'हरिकमल दर्पण' टाइप कर कोई भी व्यक्ति हमारे न्यूज पोर्टल से जुड़ सकता है। इसके लिए किसी को कुछ भी खर्च करने की जरूरत नहीं है। जैसे-जैसे हमारे पाठकों की संख्या बढ़ेगी, न्यूज पोर्टल की आय भी स्वतः बढ़ने लगेगी। हमारा प्रयास है कि देश के प्रत्येक छोटे-बड़े शहर में हरिकमल दर्पण का अपना कार्यालय हो और प्रत्येक जिले में हमारे संवाददाताओं की मजबूत टीम हो जो शासन-प्रशासन तक हमारे समाज की बात को पहुंचा सके और हमारी समस्याओं का समाधान करा सके। मुझे बताने की जरूरत नहीं है कि देश में मीडिया भी एक बहुत बड़ी ताकत माना जाता है लेकिन दुर्भाग्य से हमारा समाज इस क्षेत्र में बहुत पीछे है। हरिकमल दर्पण का प्रयास है कि हमारा समाज भी मीडिया के क्षेत्र में आगे आए और सच्ची व निर्भीक पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करे। इससे समाज को निश्चित रूप से चहुंमुखी लाभ होगा।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

## सोचो, समझो और आगे बढ़कर अपने ख्वाब पूरे करो!

कोई भी समाज लोगों से बनता है और वो लोग होते हैं आप और हम, आपको और हमें बेहतर/बड़ा बनाने में हमारी सोच की बहुत बड़ी अहमियत होती है। सारा सोच का खेल है। जब हमारी सोच अच्छी होगी तो हमें आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता और जब हम आगे बढ़ेंगे तो समाज भी आगे बढ़ने लगेगा। हमें खुद की तरक्की के लिए जी जान से लगना होगा। चाहे आप कुछ भी करिये, इतने अच्छे ढंग से और ईमानदारी से करिये कि आपकी अलग पहचान बन जाये। जब आप अपना काम अच्छे ढंग से करने लगते हो तो आपकी तरक्की की सम्भावनाएं भी बढ़ जाती हैं। आप अपने आप में एक ब्रांड बन जाते हो। इसलिए आज से ही अपना समय व्यर्थ गंवाने के बजाय सोचिये कि आप क्या हासिल करना चाहते हो और जी जान से प्रयास करिये, सफलता जरूर मिलेगी। किस्मत से तो उतना ही मिलेगा जितना लिखा होगा...परंतु मेहनत व कोशिशों से वो मिलेगा जिसके आप ख्वाब देखते हो...सोचो, समझो और आगे बढ़कर अपने ख्वाब पूरे करो। दूसरों से जीतने से पहले आपको अपने आप से लड़कर जीतना होगा...तभी आप दूसरों से जीत सकते हो...सोचो, समझो, आगे बढो...मंजिल आपका इंतजार कर रही है...। सही वक्त पर सही कार्य/कर्म ही इंसान को आगे ले जाता है। समय के साथ चलना सीखो नहीं तो पीछे रह जाओगे। सोच बदलो, सब कुछ बदलेगा। सोच हमेशा सकारात्मक रखें, नकारात्मक नहीं।



**-शेफर्ड नन्दकिशोर धनगर**
मो. 9810624224

## लीडर की गति से अनुयायियों की गति तय होती है!

लोग वही करते हैं, जो देखते हैं। लीडर की गति से अनुयायियों की गति तय होती है। अनुयायी लीडर से कभी भी एकदम आगे नहीं जायेंगे। सालों तक मैंने इस प्रक्रिया को अपनी आंखों से देखा है। लोगों की मानसिकता देखने से बदलती है, बहस करने से नहीं। हम अपना मूल्यांकन इस बात से करते हैं कि हम क्या करने में सक्षम हैं, जबकि दूसरे हमारा मूल्यांकन इस बात से करते हैं कि हमने अब तक क्या किया है। हम लोगों की असफलता का एक महत्वपूर्ण कारण यह भी है। लोगों के दिमाग में एक नकारात्मक टैटू छप जाता है कि मैं इस काम को नहीं कर सकता और यह नकारात्मक टैटू बहुत दिनों तक हमारे दिमाग में बना रहता है जो व्यक्ति को सफल नहीं होने देता है। सच में जो लोग अपने आप पर विश्वास रखते हैं, पॉजिटिव सोच रखते हैं, वह व्यक्ति अक्सर सफल होते हैं। गलत सोच के कारण लोग अपने आप को बर्बाद कर लेते है।



**-हरिओम सिंह बघेल**
महेश्वरा, ग्वालियर, मध्यप्रदेश
मो. 9977554274

# सामाजिक सेवा ही कर्म और धर्म है नारायण प्रसाद पाली का



छत्तीसगढ़ के ग्राम तखतपुर जिला बिलासपुर में 1 अप्रैल 1964 को श्रीमती फेकनबाई व श्री विशाल प्रसाद पाली के घर में जन्म लेने वाला बालक जो अपने सेवा कार्यों से अपनी राष्ट्रीय स्तर तक अलग पहचान बनाने में सफल रहा। ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, बड़े भैया नारायण प्रसाद पाली को जन्मदिन 1 अप्रैल, सेवा दिवस के अवसर पर अभिनंदन स्वरूप यह लेख राष्ट्र के प्रबुद्ध वर्ग के बीच प्रस्तुत है ताकि रचनात्मक सेवा कार्यों के माध्यम से ऐसे कार्यों में लगे हुए भाई-बहनों को प्रोत्साहन मिल सके, प्रेरणा मिल सके। नारायण प्रसाद पाली के माता-पिता ने अत्यंत गरीब होने के बाद भी उन्हें शिक्षा-दीक्षा दिलाने में कोई कमी नहीं की। नारायण प्रसाद पाली ने हिंदी साहित्य एवं राजनीति विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट तक पढ़ाई की और पंचायत विभाग मध्य प्रदेश शासन में लिपिक के पद पर कार्य करते हुए लेखपाल के पद से सेवानिवृत हुए। पिता के प्रोत्साहन और प्रेरणा से अपने स्कूल समय से ही लेखन व कविता पाठ में भागीदारी निभाने लगे और उसमें जल्द ही पारंगत हो गए। वर्ष 1980 को अखंड ज्योति संस्थान मथुरा में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य से दीक्षा उपरांत सेवा कार्यों में जुटे रहे जो आज तक निरंतर जारी है। वे रचनात्मक कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेवा कार्यों को ही महायज्ञ मानकर अपने श्रम, समय की आहुतियां समर्पित करने लगे और सेवा को ही कर्म तथा अपना धर्म बना लिया। इसी के माध्यम से गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे। उनके द्वारा साहित्य सृजन, कविता पाठ, पौधारोपण, पौधा संरक्षण, समसामयिक विषयों पर राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में लेखन, पुस्तक समीक्षा, गौ सेवा, गौ संरक्षण के लिए आंदोलन, गर्मियों के दिन में शुद्ध पेयजल सेवा, समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए लगातार सुझाव के रूप में सामाजिक पदाधिकारियों की बैठकों में विचार प्रस्तुत करना, हरिकमल दर्पण सामाजिक पत्रिका के माध्यम से ग्राम से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रबुद्ध लोगों के बीच में विचारों का संप्रेषण करना, प्रस्तुतीकरण करना प्रारंभ किया जो विगत कई वर्षों से निरंतर जारी है। गडरिया समाज छत्तीसगढ़ के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक जैसे राज्यों के स्वजातीय पदाधिकारी, साहित्यकार, इतिहासकार एवं प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ वैचारिक संबंध बनाने और विचारों के आदान-प्रदान करने की सेवा भी उन्होंने निरंतर जारी रखी। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को अपनी आराध्य मानकर उन्हें केंद्र में रखकर सभी कार्यों को करना उन्होंने प्रारंभ किया है और सर्व प्रगतिशील समाज के भाई-बहनों को कार्यक्रमों में आमंत्रण करने की नई परंपरा की शुरूआत की है ताकि गडरिया, पाल, बघेल समाज के साथ अन्य प्रगतिशील समाज के भाई-बहनों तक भी लोकमाता के जीवन दर्शन का प्रचार-प्रसार हो सके, लोगों को जानकारी हो सके। अपने प्रेरणास्रोत के रूप में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी शर्मा शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण और प्रेरणा से निरंतर समर्पित होकर मानव समाज के जन जागरण में जुटे हुए हैं। नारायण प्रसाद पाली गडरिया पाल समाज के स्वयंसेवक सैनिक की तरह बिना किसी पद प्रतिष्ठा के, बिना किसी दिखावे के, सेवा भाव से समाज के उत्थान के लिए लगे हुए हैं। स्थानीय हो या राष्ट्रीय स्तर पर समाज के किसी भी भाई-बहन के विरुद्ध कोई शासन-प्रशासन द्वारा कार्यवाही होती है तो छत्तीसगढ़ से सबसे पहले आवाज उठाने और विरोध करने वाले साहसी व्यक्ति हैं जो प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति को भी पत्राचार करने में परहेज नहीं करते। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन परिचय को छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में पढ़ाए जाने की मांग वे कई वर्षों से करते रहे, जो अब कक्षा छठवीं में लागू कर दिया गया है। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती के अवसर पर अवकाश हेतु मांग की जा रही है। हरिकमल दर्पण के प्रधान संपादक निरंजन सिंह पाल के संपर्क में आने के बाद उनके लेख और कविताएं राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने लगीं और प्रांतीय प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ होने के कारण विभिन्न राज्यों के भाई-बहनों से, प्रबुद्ध लोगों से राष्ट्रीय स्तर पर संपर्क बढ़ा। उन्हें मेरठ में हरिकमल दर्पण के स्थापना दिवस पर सम्मानित भी किया गया। उन्हें रचनात्मक सेवा कार्यों के लिए मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दो बार तथा एक बार छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इसी तरह अनेक सामाजिक संगठन, साहित्य संगठन, धार्मिक आध्यात्मिक संगठनों के द्वारा भी उन्हें सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न केंद्रीय एवं जिला जेल में कैदी सुधार कार्यक्रम हेतु समय-समय पर पहुंचकर कैदियों को अपराध व नशे से मुक्त जीवन हेतु अपने सहयोगी साथियों के साथ प्रेरित कर रहे हैं। अब तक केंद्रीय कारागार रायपुर, बिलासपुर, जिला कारागार कबीरधाम, मुंगेली, जांजगीर, धमतरी में वे अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रशंसा और निंदा से परे होकर, निरंतर अपने सेवा कार्यों को गति देने के लिए वे समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। अब तक उनकी पांच कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। साहित्य सृजन के क्षेत्र में भी वे निरंतर कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से हमारे गडरिया समाज के साथ-साथ अन्य समाज के बड़ी संख्या में भाई-बहन उनसे जुड़े हुए हैं और सेवा कार्यों में सहयोगी बने हुए हैं। उनके सेवा कार्यों के माध्यम से ही आने वाले समय में अनेक लोगों को प्रेरणा मिलेगी। इसी मंगल कामना के साथ जन्मदिन के पावन अवसर पर नारायण प्रसाद पाली को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



**-निरंजन लाल धनकर**
मो. 9753537912

# धर्म की राजनीति में फंसा भारतीय समाज!

आज अपने देश में सभी लोग धर्म में राजनीतिक चर्चा करते ही रहते हैं चाहे घर हो या फिर बाहर। राजनीति दुनिया में सदैव धर्म से प्रभावित रही है इसीलिए प्राचीन काल से आज अर्वाचीन काल तक धर्म राजनीति करने की धुरी में रहा है। धर्म को साधने में राम को वन जाना पड़ा। आने वाला पर्व रामनवमी उन्हीं की याद में मनाया जा रहा है। वही राजा राम से वन गमन में भगवान राम बन गए। धर्म का प्रयोग वन से लेकर अयोध्या तक किया। धर्म न छोड़ने के कारण महामंत्री विदुर दासी पुत्र होकर के भी महाभारत करने की धुरी में बड़े किरदार रहे। कहा- 'राजन धृतराष्ट्र, आप राजधर्म को नहीं समझ रहे हैं और हस्तिनापुर आपके धर्म न धारण करने की दशा में अपने पर रोएगा, इसलिए मैं राज दरबार छोड़ रहा हूं। जहां अपने महामंत्री की ही बात न मानी जाए, ऐसे गिरते पद की गरिमा पर मेरा रहना प्रश्नवाचक चिन्ह है?' शायद भागवत गीता उपदेश के बाद विदुर नीति दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी गई है। वैसे भारतीय सनातन संस्कृति में शुक्राचार्य की नीति की चर्चा ना की जाए तो भारत की आचार्य परंपरा अधूरी मानी जाएगी, वह भी राजनीति की अजीब धुरी है जहां एक ओर ऐश्वर्य और दूसरी ओर असुरों के नायक गलत सही के निर्णायक प्रयोग हैं। धर्म धारण के ऐसे आचार्य जो संजीवनी विद्या से अपने को स्थापित किए हैं, वह तप के ऐसे पर्याय हैं कि संकल्प से सभी कार्य पूर्ण कर ले जाते हैं, मुर्दा को जिंदा भी कर सकते हैं। दरअसल धर्म हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, जैन, बौद्ध या अन्य भूमंडल में रह रहे लोगों के समूह के पास नहीं है, धर्म तो बहुत निजी जीवन प्रयोग है जिसको पा करके व्यक्ति अपने में मस्त रहता है, तभी तो हमारे देश में संत समाज को सही मायने में धर्म धारण करते देखा गया है और जिनके दो महासूत्र 'कछु लेना ना देना मगन रहना, वैष्णव जन तो तेने कहिए पीर पराई जाने रे' हैं। लोकतंत्र में भी इसीलिए धर्म का प्रयोग सदियों से होता आया है, चाहे भारत का एक समय का इस्लामीकरण हो या आज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा माघ के स्नान का प्रयोग। इस प्रकार के प्रयोग सत्ता परिवर्तन के लिए होते ही हैं, चाहे समाजवादी पार्टी ने कारसेवकों पर गोली चलवाई हो या फिर भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया हो। लेकिन मेरी सोच से धर्म को जानने वाले को अहंकार से दूर रहना चाहिए। लेकिन धर्म जो बाहर दुनिया में लोग खोज रहे हैं वह नहीं है, अपितु वह आप अपने को बदल करके जनोपयोगी प्रयोग के साथ सद्गुणों को धारण करके ही दूसरों को समझाया जा सकता है। शायद वह सबको इतनी जल्दी सुलभ नहीं होता है, उसके लिए साधना में निरंतर लगना पड़ता है। इस प्रकार रामनवमी यही याद दिलाने के लिए प्रत्येक वर्ष मनाई जाती है। इसे सभी को समझना चाहिए।



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव
परास्नातक जनसंचार
मो. 9794866822

# डॉ. प्रभु चौधरी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश-विदेश में नागरी लिपि का प्रचार-प्रसार करने वाली प्रतिनिधि संस्था नागरी लिपि परिषद की मध्य प्रदेश इकाई के प्रभारी डॉ. प्रभु चौधरी के निधन पर परिषद मुख्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। परिषद के महामंत्री डॉ. हरिसिंह पाल ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. प्रभु चौधरी परिषद के सबसे पुराने कार्यकर्ताओं में से एक थे। वर्ष 1990 में परिषद से जुड़ने के उपरांत डॉ. चौधरी नागरी लिपि के प्रचार-प्रसार में सक्रियता के साथ जुट गए। लगभग एक हजार से अधिक लेख उन्होंने नागरी लिपि पर केंद्रित लिखे, जो देश के विभिन्न अंचलों से प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं में समय-समय पर सम्मान सहित प्रकाशित हुए। नागरी लिपि पर सर्वाधिक लेख लिखने का उन्हें श्रेय प्राप्त है। डॉ. चौधरी नागरी लिपि परिषद सहित अनेक राष्ट्रीय महत्व की




संस्थाओं से सक्रियता के साथ जुड़े हुए थे। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राजीव कुमार पाल, पूर्व जीएसटी आयुक्त उत्तर प्रदेश आरएन पाल, दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी राजेन्द्र कुमार और कृष्णा कर्तव्य सहित अनेक शुभचिंतकों ने डॉ. प्रभु चौधरी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आभासी माध्यम से नागरी लिपि परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रेमचंद पातंजलि, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, संयुक्त मंत्री डॉ. इस्पाक अली, कोषाध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश, आईसीएसएसआर के कार्यक्रम निदेशक सुनील कुमार सिंह, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के डॉ. अमित वर्मा, हैदराबाद के चवाकुल रामकृष्ण राव, डॉ. साकेत सहाय, चेन्नई की डॉ. राजलक्ष्मी कृष्णन, डॉ. टी नजीम बेगम, आर श्रीदेवी, तिरुवनंतपुरम से डॉ. सीजे प्रसन्नकुमारी, असम की डॉ. जोनाली बरुआ, झारखंड की पूर्व प्राचार्य डॉ. शारदा प्रसाद, डॉ. अशोक अभिषेक, इंदौर के पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. अशोक कुमार भार्गव, भुवनेश्वर से हरिराम पंसारी, मैसुरु से डॉ. रामनिवास साहू, डॉ. नागनाथ भेंडे, डॉ. जयशंकर यादव, नारनौल से डॉ. रामनिवास मानव, पुणे से डॉ. रणजीत सिंह अरोड़ा, गुजरात से डॉ. दिनेश सिह, डॉ. बीजे पटेल ब्रजेश, डॉ. संगीता पाल, रायपुर से डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. मुक्ता कौशिक, बस्तर से अंजली मिश्रा, कोलकाता से डॉ. शिप्रा मिश्रा सहित अनेक नागरी लिपि प्रेमियों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। **-डॉ. हरिसिंह पाल**

## टूंडला में धनगर महासभा द्वारा जागरूकता बैठक आयोजित

**टूंडला।** 22 मार्च को धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा गांव छिकाऊ में जागरूकता बैठक आयोजित की गई जिसमें धनगर समाज के युवा, महिला, पुरुष और बच्चों को जागरूक करते हुए धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व मानव अधिकार सर्वेक्षण के जिला अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने कहा कि धनगर समाज आजादी से पूर्व सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक रूप से कमजोर और पिछड़ा हुआ था। संविधान शिल्पियों ने धनगर समाज को अनुसूचित जाति की क्रम संख्या 27 पर दर्ज कर संविधानिक अधिकार दिए हैं। धनगर समाज आजादी से लेकर अब तक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित है, पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा और वर्तमान सरकार द्वारा धनगर जाति को धनगर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शासनादेश तो कर दिया गया है लेकिन शासनादेश के अनुपालन में प्रशासन द्वारा खुला उल्लंघन किया जा रहा है और शासनादेश की अनदेखी की जा रही है। धनगर समाज ने केंद्र और राज्य सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी लेकिन संविधान में अधिकार न मिलने से धनगर समाज में काफी आक्रोश है। सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास और अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की बात की जा रही है लेकिन धनगरों के साथ उपेक्षा का व्यवहार किया



जा रहा है जिससे धनगर समाज में काफी आक्रोश है। यदि शासनादेश के अनुपालन में प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए तो समाज सरकार का विरोध करने के लिए बाध्य होगा। जागरूकता बैठक में समाज में फैली कुरीतियों अशिक्षा, मृत्युभोज, नशाखोरी, गुटका, शराब, जुआ, बाल विवाह आदि को त्यागने पर मंथन किया गया। बैठक में शिवानी धनगर, पार्वती धनगर, संगीता धनगर, रेनू धनगर, भारती धनगर, संध्या धनगर, विष्णु धनगर, पुष्पेंद्र धनगर, संतोष धनगर, हिंदी धनगर, मोकम सिंह धनगर, गौरव धनगर, अजय धनगर, रामपाल धनगर, अन्वी धनगर, अंशुल धनगर, रामू धनगर, पारुल धनगर, प्रमोद धनगर, मुस्कान धनगर, सुमित धनगर, कांति देवी, मुन्नी देवी, कमलेश धनगर, पायल धनगर, जयमाला धनगर, रेनू धनगर, धर्मपत्ति धनगर, भावना धनगर, मन्नू धनगर, प्रियंका धनगर, पप्पू सिंह धनगर, अनु धनगर, खजान सिंह धनगर, रामबाबू धनगर, भोला सिंह धनगर, ममता धनगर आदि ने भाग लिया। **-ब्यूरो**

## कैंसररोधी टीकाकरण प्रारंभ



**तखतपुर।** स्वास्थ्य जागरूकता अभियान अंतर्गत डॉक्टर नवीन पाली ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 16 मार्च से 14 वर्ष की बच्चियों के लिए निशुल्क सर्वाइकल कैंसर मुक्ति अभियान के तहत कैंसर वैक्सीनेशन, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सरकार द्वारा निशुल्क कराया जा रहा है। यह टीका एक सुरक्षित और तीव्र आसरकार इंजेक्शन है जो एच.पी.वी. के संक्रमण से बचाता है। इसे सभी बच्चियों को जरूर लगवाएं। उपरोक्त जानकारी नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार), वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई। **-ब्यूरो**

## भाजपा ने गडरिया समाज के दो नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी





**मुजफ्फरनगर।** भाजपा ने गडरिया समाज के दो नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। रोहताश पाल जिला उपाध्यक्ष और रविकांत पाल को जिला मंत्री बनाया गया है। सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष ने इस संबंध में पत्र जारी किया। इससे जनपद में सभी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों नेताओं को शुभकामनाएं मिल रही हैं। दोनों नेताओं ने पार्टी का धन्यवाद किया है। **-शरद पाल**

## भाजपा पर लगाया गडरिया समाज की उपेक्षा का आरोप

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय पाल महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री राजेश पाल एडवोकेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारतीय जनता पार्टी पर गडरिया समाज की उपेक्षा का आरोप लगाया है। 17 मार्च को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि 16 मार्च को उत्तर प्रदेश में बीजेपी की महानगर जिला कार्यकारिणी की लिस्ट जारी की गई जिसमें मुरादाबाद जिला महानगर सहित उत्तर प्रदेश में गड़रिया समाज की हिस्सेदारी 0.1 थी। उन्होंने कहा कि यूपी में गड़रिया समाज 7% की संख्या में है जोकि बड़े स्तर पर बीजेपी को वोट करता है, मगर बीजेपी लगातार गड़रिया समाज की उपेक्षा करती आ रही है और अब तो पूरी सच्चाई सामने है कि बीजेपी पाल समाज को सिर्फ अपने लिए इस्तेमाल करती है, उसको गड़रिया समाज के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। मगर अब अखिल



भारतीय पाल महासभा द्वारा बीजेपी का गांव स्तर तक विरोध किया जाएगा और महासभा अपने समाज को संगठित कर 2027 में करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि पाल समाज कोई छोटा मोटा समाज नहीं है, पाल समाज का अपना बड़ा इतिहास रहा है। बीजेपी जो भी है, पाल समाज की वजह से है। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर अगर भारत के सुप्रसिद्ध मंदिरों को न बचाती, समाज व जनता के लिए कार्य न करतीं तो आज भारत की सनातन संस्कृति जिंदा न होती। **-ब्यूरो**

## केशव पाल का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**मेरठ।** ग्राम मानपुर निवासी केशव पाल पुत्र कृष्ण पाल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए हुआ है।



केशव पाल प्राइमरी जिला कबड्डी टीम का सदस्य है। यह जानकारी भगवान पाल ने दी। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से केशव पाल को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## हमारे नए आजीवन सदस्य

**श्री देवेन्द्र पाल (मेरठ)**



वरिष्ठ समाजसेवी श्री देवेन्द्र पाल ने हरिकमल दर्पण की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। इनके पिता का नाम श्री मूलचंद पाल है। ये नंगलाताशी कंकरखेडा मेरठ के निवासी हैं। इनकी जन्मतिथि 01/08/1978 है। ये उत्तर रेलवे में सीनियर सैक्सन इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। इनकी शैक्षिक योग्यता परास्नातक (एमए इकोनोमिक्स) है। इनका मोबाइल नंम्बर 9411892414 है।

## शेषधर पाल एसटीएफ के नये मुंबई अध्यक्ष बने

**मुम्बई।** 19 मार्च को हिन्दू नववर्ष व गुढ़ी पड़वा के शुभ मुहूर्त पर शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया कार्यकारिणी की विजय पाल (टेलर) के जन्मदिन के निमित्त मिटिंग का आयोजन हुआ। मिटिंग में संगठन के मुंबई अध्यक्ष पद के लिए शेषधर पाल के नाम पर एक मत से सहमति बनी। तत्पश्चात संगठन के प्रमुखों में महाराष्ट्र संयोजक लालबहादुर पाल, महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी अशोक सर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम पाल ने उनका पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं राजमाता अहिल्या देवी होलकर की फोटो भेंट कर स्वागत किया। नये मुंबई अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मैं संगठन के विकास व उन्नति के लिए सभी को साथ लेकर चलने के लिए संकल्पित रहूंगा। संगठन के अजय कुमार पाल को अंधेरी विधानसभा प्रभारी चयनित किया गया। उनका भी पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र देकर सभी ने सम्मान किया। तत्पश्चात विजय पाल (टेलर) का केक काटकर बड़े हर्ष से जन्मदिन मनाया गया। सभी ने उनके लंबी आयु व उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय




उपाध्यक्ष घनश्याम पाल, महाराष्ट्र संयोजक लालबहादुर पाल, महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी शिक्षक अशोक पाल, वसोर्वा विधानसभा अध्यक्ष शिवा अकेरी, शिक्षक राजाराम पाल, मुंबई जिला उपाध्यक्ष शिक्षक संतोष पाल, महाराष्ट्र सलाहकार लालजी पाल, मुंबई जिला प्रभारी केवल प्रसाद पाल, शिक्षक लालचंद पाल, राज बहादुर पाल, छोटेलाल पाल, राजेश पाल, महाराष्ट्र मीडिया प्रभारी शिक्षक चंद्र प्रकाश पाल, महाराष्ट्र प्रवक्ता मनोज पाल, शिक्षक अमरनाथ पाल, शिक्षक वीरेंद्र प्रताप पाल, शिक्षक विजय प्रकाश पाल, तिलकधारी पाल, सरजू पाल, रामानंद पाल, राम श्रृंगार पाल, समाज सेवक दशरथ पाल, डॉ. विद्यासागर पाल, शिक्षक जगदीश पाल एवं कांग्रेस नेता राजपति यादव उपस्थित रहे। **-घनश्याम पाल**

## कुसलीपुर धर्मशाला के लिए 33 लाख 94 हजार रुपए स्वीकृत

**पलवल।** अहिल्याबाई होलकर बघेल धर्मशाला कुसलीपुर के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लगभग 33 लाख 94 हजार रुपए स्वीकृत कर दिए हैं और धर्मशाला के बकाया कार्य का ई-टेंडरिंग नगर परिषद पलवल द्वारा लगा दिया गया है। धर्मशाला के प्रधान व वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश बघेल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने क्रीमी लेयर में 8 लाख की लिमिट तय कर रखी थी जिसे घटाकर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 6 लाख रुपए कर दी थी, इससे ओबीसी समाज एवं अति पिछड़ी जातियों के लोग बहुत परेशान थे। अब मुख्यमंत्री नायब



सिंह सैनी ने केंद्र सरकार ने जो लिमिट तय कर रखी है, उस लिमिट को हरियाणा राज्य में भी 8 लाख कर दिया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पाल बघेल गडरिया समाज को हरियाणा सरकार में भागीदारी दिलाने और अनुसूचित जाति में मिलाने के लिए अब दूसरी प्रक्रिया चालू की जा रही है। **-ब्यूरो**

## ओमेंद्र बघेल व संदीप पाल का स्वागत किया

**फिरोजाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ओमेंद्र बघेल को जिला महासचिव और संदीप पाल सिरसागंज को सभासद बनाया गया है। दोनों का भंवर सिंह धनगर एडवोकेट



प्रदेश अध्यक्ष धनगर महासभा, लखपत सिंह धनगर, विक्रम सिंह धनगर (प्रधान), महेंद्र प्रताप सिंह धनगर, पंकज धनगर (मीडिया प्रभारी) ने स्वागत किया। **-ब्यूरो**

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का छायाचित्र भेंट किया

**तखतपुर।** गडरिया समाज छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नागरिक (साहित्यकार) नारायण प्रसाद पाली द्वारा प्रदेश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान, सामाजिक सम्मेलन, बैठकों में उपस्थिति देने के साथ-साथ निशुल्क हरिकमल दर्पण साप्ताहिक पत्रिका एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर छायाचित्र भेंट कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम लालपुर पहुंचकर निरंजन धनकर प्रदेश मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ सर्व



गडरिया समाज महासंघ को पौधारोपण कार्यक्रम के लिए भारत की महान नारी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का छायाचित्र भेंट कर उनका सम्मान किया। **-ब्यूरो**

# साहित्य और सिनेमा का संगम हैं मुकेश कुमार ऋषि वर्मा



